भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3432

जिसका उत्तर 12.03.2026 को दिया जाना है

उज्जैन में राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन

3432. श्री अनिल फिरोजिया:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उज्जैन में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के उन्नयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) लंबित सड़क परियोजनाओं के पूर्ण होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है;

(ग) सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए क्या विशिष्ट कदम उठाए गए हैं;

(घ) उज्जैन बाईपास या रिंग रोड के निर्माण की योजना संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) ग्रामीण सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने के प्रस्तावों संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) उज्जैन में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन की स्थिति/विवरण निम्नानुसार हैं:

क्र.सं.	**परियोजना का नाम**	**लंबाई (किमी में)**	**वर्तमान स्थिति**
1	एनएच-752डी का 4-लेन देवास-उज्जैन मार्ग	41.42	पूर्ण
2	एनएच-752डी का 4-लेन उज्जैन-बदनावर मार्ग	69.10	पूर्ण
3	राष्ट्रीय एक्सप्रेसवे-4 के साथ एनएच-752डी के उज्जैन-गरोठ इंटरचेंज का 4-लेन मार्ग।	136.76	पूर्ण
4	एनएच-552जी का उज्जैन-झालावाड़ मार्ग	133.57	पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन सड़क का निर्माण पूर्ण है और इसे चार लेन में बनाने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के चरण में है।
5	एनएच-752डी के बदनवार-पेटलावाड-थंडला-तिमारवानी खंड का 4 लेन का निर्माण	80.45	दिनांक 10.03.2026 को अनुमोदित।

(ग) भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) के मानदंडों और विनिर्देशों/दिशानिर्देशों के अनुसार सभी सुरक्षा उपाय पूरे कर लिए गए हैं।

(घ) उज्जैन में निम्नलिखित विवरण के अनुसार दो बाईपास का निर्माण किया गया है:

क्र.सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (किमी में)
1	एनएच-752डी का 4-लेन देवास-उज्जैन बाईपास (उज्जैन बाईपास)	7.067
2	एनएच-752डी का 4-लेन उज्जैन-बदनावर मार्ग (उज्जैन बाईपास)	13.413

(ङ) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए उत्तरदायी है, और ग्रामीण/गांव की सड़कों का विकास संबंधित राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

*****